पॉलीथिन-कचरा मिलने पर सब्जी रेहड़ी जब्त

श्रीकरणपुर, (कासं)। श्रीकरणपुर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी (ईओ) संदीप बिश्नोई ने बाजार में औचक निरीक्षण के दौरान पॉलीथिन और कचरा फैलाने पर सख्त कार्रवाई की। उन्होंने एक सब्जी की रेहड़ी जब्त की और दो अन्य दुकानदारों पर जुर्माना लगाया। ईओ के बाजार में निकलने से हड़कम्प मच गया।

ईओ संदीप बिश्नोई अपने निजी काम से पैदल बाजार जा रहे थे। लाइट वाले चौक पर उन्होंने एक सब्जी की रेहड़ी के पास सड़क पर पॉलीथिन और कचरा बिखरा देखा। इस पर ईओ संदीप बिश्नोई ने नाराजगी व्यक्त करते हुए रेहड़ी संचालक से कहा कि नगर पालिका सड़कों और क्षेत्र को साफ रखने के लिए हाथ रिक्शा चला रही है। जबकि लोग कचरा फैला रहे हैं। उन्होंने संचालक को कचरा पात्र रखने की हिदायत दी।

रेहड़ी संचालक सत्यावन ने पलटवार करते हुए कहा कि बाजार में अन्य स्थानों पर भी कचरा फैला है और रेहड़ी वालों ने भी कचरा पात्र नहीं रखे हैं। इस पर ईओ ने तुरंत नगर पालिका कर्मियों को मौके पर बुलाया। कर्मियों ने कचरा साफ किया और सब्जी की रेहड़ी को जब्त कर नगर पालिका ले गए।

नगर पालिका टीम ने सब्जी विक्रेता सत्यावन पर 500 रूपए का जुर्माना लगाया। इस कार्रवाई को देखने के लिए मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसके बाद ईओ ने देव रेडीमेड और सुनील नामक दुकानदारों पर भी 500-500 रूपए का जुर्माना लगाया।

कृषि शिक्षा, शोध व तकनीक पर एसकेआरएयू व काजरी में एमओयू

बीकानेर, (कासं)। कृषि क्षेत्र में शोध, अनुसंधान, शिक्षा और तकनीक हस्तांतरण के लिए स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय अब केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी), जोधपुर के साथ मिलकर कार्य करेगा। दोनों संस्थानों के मध्य इस संबंध में एमओयू हस्ताक्षर किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ अखिल रंजन गर्ग तथा निदेशक काजरी डॉ एसपीएस तंवर की मौजूदगी में मंगलवार को इस एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए। इस अवसर पर कुलगुरू डॉ अखिल रंजन गर्ग ने कहा कि किसानों और विद्यार्थियों के हित में यह समझौता मील का पत्थर साबित होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप कार्य करने के लिए इससे दोनों संस्थान लाभान्वित होंगे।

- **एमओयू के तहत काजरी और एसकेआरएयू एक दूसरे के मानव संसाधन, भूमि, जल संसाधन, उपकरण, रिसर्च प्रोजेक्ट और परिणाम साझा कर सकेंगे**

एमओयू के माध्यम से दोनों संस्थानों में उपलब्ध संसाधनों का कुशलतम उपयोग करते हुए वर्तमान में खेती के समक्ष आ रही चुनौतियों से निपटने की दिशा में कार्य किया जा सकेगा। विश्वविद्यालय के डीन, डायरेक्टर्स तथा अन्य वैज्ञानिकों के साथ चर्चा करते हुए डॉ गर्ग ने कहा कि ड्रोन के उपयोग पर अधिक से अधिक कार्य किया जाए। कृत्रिम बुद्धिमता के माध्यम से किसानों को मौसम संबंधी सूचना तथा बीमारी रोकथाम, उपचार आदि की जानकारी दी जाए।

एक कॉमन रिसर्च प्रोग्राम के माध्यम से इस समझौते पर कार्य करते हुए किसानों को अधिकतम लाभ देना सुनिश्चित करें। काजरी के निदेशक डॉ एस.पी.एस. तंवर ने कहा कि यह समझौता दोनों संस्थानों के लिए लाभदायक साबित होगा। खेती में आ रही नई चुनौतियों के बीच इस समझौते के तहत कार्य करने की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि काजरी द्वारा खेती में कार्बन पृथक्करण प्रकिया अपनाते हुए किए जा रहे अनुसंधान का लाभ विश्वविद्यालय को मिलेगा। तंवर ने दोनों संस्थानों को उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम सदुपयोग करते हुए वन नेशन वन सिस्टम के तहत कार्य करने की अपील की। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ पी.के. यादव ने समझौते की रूपरेखा से अवगत करवाया।

उन्होंने बताया कि एमओयू के तहत काजरी और एसकेआरएयू एक दूसरे के मानव संसाधन, भूमि, जल संसाधन ,उपकरण, रिसर्च प्रोजेक्ट और परिणाम साझा कर सकेंगे। किसानों तथा विश्वविद्यालय के पीएचडी तथा एमएससी के विद्यार्थियों के लिए यह लाभदायक साबित होगा। दोनों संस्थानों के कृषि वैज्ञानिकों को भी लैब, कृषि उपकरण आदि साझा करने का अवसर मिलेगा। अनुसंधान निदेशक डॉ एच. एल. देशवाल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान काजरी के वैज्ञानिक डॉ नवरतन तंवर, डॉ विजय सोनी, डॉ एम एल सोनी, डॉ नाथावत मौजूद थे।



स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ अखिल रंजन गर्ग तथा निदेशक काजरी डॉ एस.पी.एस. तंवर ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

बीकानेर से कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली जायेंगे

बीकानेर, (कासं)। शहर कांग्रेस की बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा 14 दिसम्बर को दिल्ली रामलीला मैदान में होने वाली वोट चोरी के खिलाफ विशाल रैली में अधिकतम संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। शहर कांग्रेस के कार्यकर्ता रेल, बस और निजी वाहनों से दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

नवनियुक्त शहर अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि एफआईआर के नाम पर वोट चोरी करने पर 14 दिसम्बर को दिल्ली में प्रस्तावित विशाल रैली में बीकानेर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंचेंगे। प्रभारी विधायक शिमला नायक ने बताया कि नवनियुक्त होने वाले अध्यक्ष को बधाई दी तथा कहा कि कांग्रेस को एकजुट होकर विभिन्न मुद्दों पर लड़ना होगा। साथ ही दिल्ली में प्रस्तावित वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में बीकानेर से रिकार्ड तोड संख्या में कार्यकर्ताओं को पहुंचने का आव्हान किया।

पूर्व मंत्री डॉ बी.डी. कल्ला व गोविंद राम मेघवाल ने कहा कि वर्तमान में भाजपा केवल धर्म व गाय के नाम पर राजनीति करती है, परंतु बीडीए के नाम पर हजारों बीघा जमीन हड़पने की तैयारी कर रही है तथा वोट के नाम लोगों को बरगलाने का काम करती है। निर्वतमान अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने अपने लम्बे तक पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी दी उसके लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार साथ मदन गोपाल मेघवाल को पूर्ण रूप से साथ मिलकर काम करेंगे। बैठक में जिला प्रभारी शिमला नायक मौजूद थी।

सार-समाचार

राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया

शांति विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय में करुणा क्लब इकाई ने राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया।

बीकानेर, (कासं)। करूणा क्लब इकाई द्वारा आयोज्य शांति विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय में आज राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया गया। संस्था के हिमालय वूड बैज कब मास्टर रमेश कुमार मोदी ने बताया कि यह दिवस 1984 में भोपाल गैस त्रासदी की घटना के स्मरण के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य प्रदूषण के प्रति जागरूक करना है। यह दिवस का आरम्भ भारत सरकार द्वारा 2 दिसम्बर 1993 से मनाया जाना शुरू किया गया है। संस्था प्रधान हनुमान छींपा ने पॉल्यूशन से बचने के तरीकों की जानकारी दी और प्रदूषण के फैलते खतरों के बारे में जानकारी दी। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार करने की सलाह दी। करूणा क्लब प्रभारी सौरभ बजाज ने विद्यार्थियों को प्रदूषण से बचने के उपायों को साझा करते हुए बताया कि मास्क लगाएं, पटाखों का प्रयोग कम से कम करें तथा ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधों को लगाने की सलाह दी। इस अवसर पर शाला के करूणा क्लब और ईको क्लब के विद्यार्थी अध्यक्षा मानवी सोलंकी सहित टीम ने शाला परिसर में पौधा लगाकर प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूकता की मिसाल दी। साथ ही करूणा क्लब टीम की अध्यक्ष मानवी सोलंकी तथा टीम के अन्य सदस्य शैली सोलंकी, दीपिका, खुशी मोदी, तमन्ना, सोनाक्षी, जानवी, कुमकुम गोदारा, संध्या, प्रतिक टाक, रौनक दैया, तैयब भाटी आदि ने सिंगल यूज प्लास्टिक को नियमित रूप से कम से कम उपयोग लेने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर शंकर टाक भी उपस्थित थे।

बकरी पालन पर प्रशिक्षण दिया

बकरी पालन उद्यमिता प्रशिक्षण के समापन समारोह को कुलगुरू डॉ. सुमंत व्यास ने संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा 26 नवम्बर से 02 दिसम्बर तक सात दिवसीय बकरी पालन उद्यमशीलता प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम के समापन सत्र के मुख्य अतिथि कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पशुपालकों में उद्यमशीलता तथा पशुपालन से आर्थिक उत्थान हेतु विश्वविद्यालय द्वारा कौशल विकास कार्यक्रम की पहल की गई ताकि राज्य के विभिन्न जिलों से इच्छुक प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार अपना सके। कुलगुरू डॉ. सुमंत व्यास ने कहा कि बकरी पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। प्रशिक्षण प्राप्त पशुपालक वैज्ञानिक तरीकों से बकरी पालन कर अपने आप को बकरी पालक उद्यमी बना सकते है। केन्द्र एवं राज्य सरकार पशुपालन आधारित विभिन्न योजनाओं को संचालित कर रही है जिनका पशुपालक प्रशिक्षण उपरांत लाभ उठा सकते है और आर्थिक स्वावलंबन की ओर अग्रसर हो सकते हैं। निदेशक प्रसार शिक्षा प्रो. राजेश कुमार धूड़िया ने बकरी पालन के क्षेत्र में बुनियादी जानकारी प्रदान करते हुए प्रशिक्षण का विस्तृत विवरण बताया और कहा कि सात दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को बकरी की विभिन्न नस्लों, आहार, आवास और स्वास्थ्य प्रबंधन के साथ-साथ बकरी पालन के लिए सरकारी योजनाओं एवं ऋण प्रणाली से अवगत करवाया गया। जिनको व्याख्यान के साथ-साथ पशु अनुसंधान केन्द्र बीकानेर, बीछवाल एवं कोडमदेसर का भ्रमण भी करवाया गया। इस प्रशिक्षण में बीकानेर, हनुमानगढ़, पाली, बासंवाड़ा उदयपुर, चूरू, सिरोही, ब्यावर चित्तौडगढ़, श्रीगंगानगर जिलों के 24 पशुपालकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्लेसमेंट कार्मिकों के मुद्दों पर बैठक

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के संबद्ध प्रिंस बिजय सिंह मेमोरियल पीबीएम अस्पताल के अधीक्षक डॉ बी.सी. घीया ने मंगलवार सुबह नर्सिंग स्टाफ की लंबित समस्याओं और प्लेसमेंट एजेंसी के कार्मिकों के मुद्दों पर अहम बैठक ली। बैठक में उप अधीक्षक डॉ गौरी शंकर जोशी ईएनटी विभागाध्यक्ष डा विवेक सामोर डीसीएनएस सीताराम बंजारा तथा सभी ब्लॉक्स की मैटर्न सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। नर्सिंग ऑफिसर्स की प्रमुख समस्याओं पर फैसले में अब कार्य व्यवस्था में लगे नर्सिंग ऑफिसर्स को आए दिन इधर-उधर शिफ्ट नहीं किया जायेगा। उनकी ड्यूटी महीने में एक निश्चित दिन फिक्स की जाएगी। नाइट ड्यूटी से छूट एक साल से कम उम्र के बच्चे वाली महिला नर्सिंग ऑफिसर्स और 55 वर्ष से अधिक आयु के नर्सिंग ऑफिसर्स जो नाइट ड्यूटी नहीं करना चाहें को नाइट ड्यूटी से पूरी तरह मुक्त रखा जायेगा। शेष सभी नर्सिंग स्टाफ से नाइट ड्यूटी अनिवार्य रूप से ली जायेगी। सभी नर्सिंग ऑफिसर्स को यूनिफॉर्म में प्रॉपर ड्रेस कोड और नेम बैच लगाना अनिवार्य किया गया। बैठक में बड़ा बदलाव करते हुए फैसला लिया गया कि अब प्लेसमेंट एजेंसी से आए कार्मिकों वार्ड बॉय, सफाई कर्मी, कंप्यूटर कर्मी, व्यस्थापक आदि की उपस्थिति एवं कार्य की सत्यापन व मॉनिटरिंग का जिम्मा ब्लॉक मैटर्न को सौंपा जायेगा। पहले यह काम एजेंसी का सुपरवाइजर करता था। साथ ही संबंधित ब्लॉक की सफाई व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी भी ब्लॉक मैटर्न की होगी। नर्सिंग ऑफिसर्स के अधिकांश समय का नॉन नर्सिंग कार्यों में व्यय होने की पुरानी शिकायत पर अधीक्षक ने सख्त कदम उठाया।

गंगानगर में कड़ाके की ठंड शुरू, आज से शीतलहर की चेतावनी

बीकानेर, (कासं)। इस बार दिसम्बर की शुरुआत सामान्य से गर्म रही और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री तक ही पहुंचा। लेकिन मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 3 से 7 दिसम्बर के बीच शीतलहर चलेगी और पारा पांच डिग्री तक गिर सकता है।

बीकानेर में इन दिनों मौसम सामान्य से ज्यादा गर्म बना हुआ है। दिसम्बर के पहले सप्ताह में जहां न्यूनतम तापमान आमतौर पर 9 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे पहुंच जाता है। वहीं इस बार पारा 14 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा था। हालांकि सोमवार की रात पारे में गिरावट दर्ज की गई और यह 9 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। फिलहाल शहर में सर्दी का असर उम्मीद से काफी कम है। मौसम विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बीकानेर में 3 से 7 दिसम्बर तक शीतलहर चलेगी। इसके दौरान तापमान में 5 से 7 डिग्री तक गिरावट आने की संभावना है। न्यूनतम पारा 5 से 6 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह तक शीतलहर का असर रहेगा और उसके बाद तापमान फिर सामान्य हो जायेगा।

- **मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 3 से 7 दिसम्बर के बीच शीतलहर चलेगी और पारा पांच डिग्री तक गिर सकता है**

श्रीगंगानगर संवाददाता के अनुसार दिसम्बर शुरू होते ही श्रीगंगानगर जिले में कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है। दिन के तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। पारा 7 डिग्री से नीचे चला गया है। दिन की तेज धूप में भी ठिठुरन महसूस हो रही है। जबकि सुबह-शाम कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पिछले कई दिनों से जिले में लगातार मौसम ड्राई बना हुआ है।

कृषि अनुसंधान केन्द्र श्रीगंगानगर पर सोमवार सुबह का न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री रिकार्ड किया गया। सोमवार को न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री और अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री रिकार्ड किया गया था। जबकि इससे पहले यहां रविवार को न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री और अधिकतम तापमान 25.7 डिग्री रिकार्ड किया गया था। आज दिन के तापमान में 0.9 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान में इस बार दिसम्बर, जनवरी और फरवरी में कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार हैं। इस दौरान शीतलहर के दिन भी सामान्य से ज्यादा रहेंगे।

जूतों की दुकान में आग लगी

बीकानेर, (कासं)। केईएम रोड स्थित एक मार्केट में देर रात आग लग गई। आग एक जूतों की दुकान में लगी, जिस पर फिलहाल काबू पा लिया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कम्प मच गया।

जानकारी के अनुसार देर रात लोगों को मिलान ट्रैवल्स के पास धुआं उठता दिखाई दिया। धीरे- धीरे ये धुआं आग में बदल गया। तेज लपटें अंडर ग्राउंड से बाहर तक दिखाई देने लगी। लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। इससे पहले आसपास के दुकानदारों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। आग इतनी तेज थी कि लोग आसपास भी नहीं पहुंच सके।

थोड़ी देर में कोटगेट पुलिस और फायर ब्रिगेड पहुंच गई, जिसने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रात करीब 9 बजे जूतों की दुकान राजस्थान मोजड़ी शॉप से आग की लपटें निकली। माना जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है।

गाजर मंडी में किसानों की भूख हड़ताल

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के साधुवाली में निर्माणाधीन गाजर मंडी से ढाणियों का रास्ता निकालने की मांग को लेकर मंगलवार को किसानों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी।

मंडी में दो किसान अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए। किसानों का कहना है कि प्रशासन गाजर मंडी के चारों ओर 3 किलोमीटर लम्बी दीवार खड़ी करने की योजना बना रहा है, जिससे 40 ढाणियों के 70 से ज्यादा परिवारों के 500 से अधिक लोग प्रभावित होंगे। किसान नेता अमरसिंह बिश्नोई ने कहा कि 5 दिसम्बर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गाजर मंडी में जनसभा करने आ रहे हैं। उससे पहले हमारा रास्ता बंद करने की कोशिश की जा रही है।

- **साधुवाली में निर्माणाधीन गाजर मंडी से ढाणियों का रास्ता निकालने की मांग**

हमने जिला कलेक्टर डॉ. मंजू चौधरी से लेकर कृषि उपज मंडी समिति तक गुहार लगाई, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। अब मजबूरन भूख हड़ताल करनी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि गाजर मंडी के पास से ढाणियों को जाने वाला यह रास्ता बंद नहीं किया जाए। इस रास्ते को बंद करने से खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो जायेगा। बच्चों का स्कूल जाना और मरीजों को अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो जायेगा। अगर यह तीन किलोमीटर लम्बी चारदीवारी बन गई तो उन्हें 10-15 किलोमीटर चक्कर लगाकर मंडी आना पड़ेगा। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर 5 दिसम्बर से पहले उनकी मांग नहीं मानी गई तो मुख्यमंत्री की जनसभा के दौरान बड़ा प्रदर्शन किया जायेगा।

सलुंडिया गांव में एक महीने से पेयजल संकट

नोखा, (कासं)। नोखा उपखण्ड के सलुंडिया गांव में पिछले करीब एक महीने से भीषण पेयजल संकट बना हुआ है। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीणों के साथ-साथ पशुधन भी पानी की भारी किल्लत से जूझ रहा है।

गांव वालों का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायतें दर्ज करवाई लेकिन अभी तक समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों के अनुसार गांव के गुवाड़ में लगी ट्यूबवैल की केबल चोरी हो जाने के बाद से जलापूर्ति पूरी तरह ठप है। केबल चोरी हुए लगभग एक महीना बीत चुका है लेकिन न तो अब तक नई केबल लगवाई गई है और न ही ट्यूबवैल को दुरुस्त करने का कोई काम शुरू किया गया है। इससे पूरे गांव में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है।

- **ट्यूबवैल की केबल चोरी हो जाने के बाद से जलापूर्ति पूरी तरह ठप है**

पेयजल व्यवस्था बाधित होने का सबसे बड़ा असर पशुधन पर पड़ रहा है। गांव की खेरियां (पानी पिलाने की जगह) सूनी पड़ी हैं। प्यासे पशु पानी की तलाश में गांव से दूर-दूर तक भटकने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के मौसम में पानी नहीं मिलने से पशुओं की हालत दिनों दिन बिगड़ती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने संबंधित विभाग और प्रशासन को कई बार इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन मौके पर अब तक कोई अधिकारी जांच के लिए नहीं पहुंचा। न ही जलापूर्ति बहाल करने को लेकर कोई ठोस कदम उठाया गया है।

कपिल मुनि मंदिर में छप्पन भोग उत्सव

कोलायत, (कासं)। कपिल मुनि मंदिर में इस वर्ष भी छप्पन भोग एवं मिंगसर या थाली का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह वार्षिक आयोजन था, जिसमें सुबह से ही मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस कार्यक्रम के दौरान कोलायत तहसीलदार पूनम कंवर भी कपिल मुनि मंदिर पहुंची। उन्होंने छप्पन भोग के दर्शन किए और आयोजन समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। दर्शनार्थी भंवर रांकावत ने बताया कि श्रद्धालु अपने घरों से विभिन्न प्रकार के व्यंजन और पकवान तैयार कर मंदिर लाते हैं। इन सभी व्यंजनों को सामूहिक रूप से कपिल मुनि को छप्पन भोग के रूप में अर्पित किया जाता है। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है।

बजट की कमी से लालगढ़ व पवनपुरी आरओबी का काम अटका

बीकानेर, (कासं)। किसी मंत्री का भाषण सुन लो। सबके पास एक कॉमन लाइन है कि बजट की कमी नहीं है। मगर हकीकत कुछ अलग ही है। 2017 से बन रहे लालगढ़ आरओबी के लिए 37 करोड़ का टेंडर किया। आधा-आधा रेलवे-रुडसिको को देना था। रूडसिकों से अब तक एक रूपया नहीं आया।

पवनपुरी आरओबी में 42 का प्रोजेक्ट था। 54 करोड़ का एस्टीमेट बना। बढ़ी हुई 10 करोड़ रकम की फाइल पेंडिंग है। म्यूजियम सर्किल पर आरओबी का अब तक डीपीआर ही तैयार नहीं है। कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा अक्सर यही बात दोहराते हैं कि बजट की कमी नहीं है मगर बीकानेर में लालगढ़, पवनपुरी समेत तमाम ऐसे उदाहरण है जो बजट की कमी से अटके हैं। कलेक्टर से लेकर आरएसआरडीसी भी बजट मांगते-मांगते थक गए मगर बजट नहीं मिला। इसी वजह से लालगढ़ ओवरब्रिज का जो उद्घाटन दिसम्बर में प्रस्तावित था वो अब फरवरी तक भी हो जाए तो गनीमत है। प्रदेश के चुनिंदा आरओबी में अब शामिल हो जायेगा जो करीब 8 साल में भी पूरा नहीं हुआ।

- **लालगढ़ ओवरब्रिज का उद्घाटन दिसम्बर में प्रस्तावित था वो अब फरवरी तक भी पूरा नहीं होगा**

37 करोड़ का टेंडर हुआ था। 50 प्रतिशत रेलवे और 50 प्रतिशत रुडसिको को देना था। ठेकेदार ने करीब 11 करोड़ का काम कर दिया। बिना भुगतान के अधिकारी उस पर काम करने के लिए दबाव बना रहे हैं। रेलवे ने अब तक 18.50 करोड़ में से 2 करोड़ दिए भी मगर रुडसिको ने एक रुपए तक नहीं दिया। आरएसआरडीसी टोल से आए पैसे से कुछ तो भुगतान ठेकेदार को कर चुका मगर पैसे ना होने से काम धीमा हो गया।

पवनपुरी आरओबी मुख्यमंत्री की बजट घोषणा है। यहां सीएम ने 42 करोड़ रुपए मंजूर किए थे। जब डीपीआर बनी तो 54 करोड़ लागत आई। अतिरिक्त 12 करोड़ रूपए की फाइल वित्त विभाग और अन्य विभागों के पास गई मगर वहां से कोई रिस्पांस नहीं फाइल धूल फांक रही है।

तीर्थ यात्रा पर संभाग के 605 वरिष्ठ नागरिक गंगासागर रवाना

बीकानेर,(कासं)। देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत गंगासागर के लिए विशेष ट्रेन मंगलवार को बीकानेर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 6 से रवाना हुई। ढोल-नगाड़ों की थाप और जयकारों के बीच बीकानेर (पश्चिम) विधानसभा क्षेत्र विधायक जेठानंद व्यास ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया।

इस अवसर पर व्यास ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सेवा-सुश्रुषा और उनके मान-सम्मान के प्रति राज्य सरकार संकल्पबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर वरिष्ठ नागरिकों को यह यात्रा करवाई जा रही हैं। यह ट्रेन पूर्णतया वातानुकूलित है और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सभी सुविधाएं नि:शुल्क की गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर के हजारों वरिष्ठ नागरिक इस योजना के तहत लाभान्वित हुए हैं और देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों का दर्शन लाभ ले रहे हैं।

वरिष्ठ नागरिकों की ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने गंगासागर तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया।

देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गौरव सोनी ने बताया कि गंगासागर की यात्रा के लिए रवाना हुई ट्रेन में बीकानेर संभाग के 605 वरिष्ठ नागरिक रवाना हुए। इनमें बीकानेर और चूरू के 404, श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ के 201 वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। वहीं जयपुर संभाग के 240 वरिष्ठ नागरिक जयपुर रेलवे स्टेशन से एवं भरतपुर संभाग से 130 यात्री भरतपुर रेलवे स्टेशन से इसमें शामिल होंगे। इस ट्रेन में एक ट्रेन प्रभारी, एक डॉक्टर, दो नर्सिंग और 28 अनुरक्षों को लगाया गया है।

बीकानेर स्टेशन से 17 अनुरक्षक, जयपुर स्टेशन से 6 एवं भरतपुर स्टेशन से 5 अनुरक्षण शामिल होंगे। हनुमानगढ़ के सहायक आयुक्त ओमप्रकाश सीरवी ने बताया कि यह ट्रेन 8 दिसम्बर को वापस आयेगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन रवानगी से पूर्व यात्रियों को टिकट वितरण, नाश्ते एवं चाय की व्यवस्था रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 6 पर बने कैम्प में की गई।

देवस्थान विभाग की निरीक्षक श्रीमती सोनिया रंगा ने बताया कि इस वर्ष बीकानेर से रवाना होने वाली यह पांचवीं विशेष ट्रेन है।

कोलायत में फायर ब्रिगेड की मांग तेज

कोलायत, (कासं)। कोलायत क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की लम्बे समय से लंबित मांग को लेकर स्थानीय युवाओं ने तहसीलदार पूनम कंवर को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। क्षेत्र में अग्निशमन सुविधाओं की कमी पर चिंता जताई गई।

ज्ञापन में बताया गया कि कोलायत उपखंड का लगभग 200 किलोमीटर का ग्रामीण इलाका अग्निशमन सुविधाओं से पूरी तरह वंचित है। यहां आग बुझाने के लिए न तो कोई दमकल वाहन उपलब्ध है और न ही कोई अग्निशमन केन्द्र स्थापित है। ग्रामीणों ने बताया कि कोलायत में अग्निशमन केन्द्र खोलने की मांग पहले भी की जा चुकी है, लेकिन इस दिशा में अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हाल ही में क्षेत्र में कई आगजनी की घटनाएं हुई जिनमें लाखों रूपए का नुकसान उठाना पड़ा। उनका मानना है कि यदि फायर ब्रिगेड की सुविधा होती तो नुकसान से बचा जा सकता था।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक:- नियमन/2025/4529 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 02/12/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 20/21 के किला नं. 18 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0'' गुणा 35'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्रीमती विमला पत्नी श्री धर्मवीर यादव निवासी 3 ई छोटी तहसील श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती विमला पत्नी श्री धर्मवीर यादव निवासी 3 ई छोटी तहसील श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 20/21 के किला नं. 18 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0'' गुणा 35'-0'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नही होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-जिप्सम, 02, गांधी नगर, स्टेशन, बीकानेर- 334001

फोन नं. : 0151-2200171-73, फैक्स : 0151-2523519

दिनांक :- 01/12/2025

संशोधित-निविदा सूचना - 02

निविदा क्रमांक एवं दिनांक	कार्य का प्रकार
आर / एस / एम / एम / प्रशा / 4(33) / 2025-336 दिनांक 28.10.2025 UBN No. MML2526SSOB00100	आर.एस.एम.एम.एल.,एसबीयू एण्ड पीसी-जिप्सम, बीकानेर कार्यालय भवन में कैन्टीन संचालन कार्य हेतु। अनुबन्ध राशि रू.- 4.00 / - लाख, निविदा शुल्क रु. 590 / - निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि व समय दिनांक 10.12.2025 समय दोपहर 03.30 तक। निविदा खुलने की तिथि व समय दिनांक 11.12.2025 समय दोपहर 03.30 तक

विस्तृत जानकारी हेतु विभाग की वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in और www.eproc.rajasthan.gov.in और अथवा वरि. प्रबन्धक (का.एवं प्रशा.) जिप्सम, बीकानेर से सम्पर्क कर सकते है।

राज.संवाद/सी/25/14962 उप महाप्रबन्धक (का. एवं प्रशा.)